तरुण कुमार दाश को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कोरापुट के शिक्षक श्री तरुण कुमार दाश को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 से अलंकृत किया गया। इस पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें एक पदक, प्रशस्ति पत्र और नकद राशि प्रदान की गई। इससे पहले उन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का अवसर मिला। श्री दाश को यह पुरस्कार उनकी रचनात्मक लघु फिल्मों (पहिया कुर्सी, दादाजी का थैला, सड़क, मास्टर जी, बच्चों की जुबानी, परिवर्तन और घर-घर तिरंगा) के माध्यम से शिक्षा की अलख जगाने और समाज को प्रेरित करने के लिए दिया गया। श्री दाश द्वारा निर्मित प्रेरणादायी लघु फिल्मों की एक विशेषता यह भी है कि उनकी फिल्मों में केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा ही अभिनय किया गया है। श्री दाश अपनी इन लघु फिल्मों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक संदेश देने में सफल रहे हैं।